**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 16.04.2026** **समय : 18.30 पीएम**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास के लिए नारी शक्ति को नीति निर्माण में उचित प्रतिनिधित्व देने को समय की मांग बताया।**
- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मातृभाषा को सर्वोपरी रखने पर ज़ोर दिया।**
- **प्रदेश में पिछले दो वर्षों में अपराधों में लगभग 19 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई।**
- **राज्य में तीखी गर्मी के बीच कल जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बादल गरजने और आंधी चलने की संभावना।**

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश की पचास प्रतिशत आबादी को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और नीति निर्माण में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व देना समय की मांग है। श्री मोदी आज लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संवैधानिक संशोधन से संबंधित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा के दौरान सदन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को नीति–निर्माण में सशक्त बनाना अब तक अपेक्षित रूप से पूरा नहीं हो सका है और इसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए।उन्होंने राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र–निर्माण में महिलाओं की वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

..............................

इससे पहले संसद के विस्तारित बजट सत्र का तीन दिवसीय विशेष सत्र आज से शुरू हुआ। लोकसभा में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान 131वां संशोधन विधेयक, 2026 और परिसीमन विधेयक, 2026 पेश किया। विधेयकों को पेश करते हुए श्री मेघवाल ने इस दिन को ऐतिहासिक बताया और कहा कि सरकार महिलाओं को राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 131वां संशोधन विधेयक महिलाओं के लिए समानता सुनिश्चित करेगा।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि सभी को अन्य भाषाएं सीखनी चाहिए, लेकिन अपनी मातृभाषा को नहीं भूलना चाहिए। अपनी भाषा को हमेशा सर्वोपरि रखना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मु महाराष्ट्र के वर्धा में महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्र निर्माण में भारतीय भाषाओं के महत्व पर बल देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि हमें एक मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करना चाहिए और यह केवल भारतीय भाषाओं की नींव पर ही संभव है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार अपराध मुक्त राजस्थान बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। आज जयपुर स्थित पुलिस अकादमी में 77वें राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्षों में प्रदेश में कुल अपराधों में लगभग 19 प्रतिशत की कमी आई है। श्री शर्मा ने कहा कि संगठित अपराध और नशे के खात्मे के लिए एंटी गैंगस्टर और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन कर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने साइबर अपराधों से निपटने के लिए समाज की भागीदारी और कम्युनिटी पुलिसिंग पर जोर दिया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं।

000

मुख्यमंत्री ने आज जयपुर में राजस्थान सचिवालय सेवा अधिकारी संघ के शपथ ग्रहण समारोह को भी संबोधित किया। उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभिमन्यु शर्मा और कार्यकारिणी के सदस्यों को पद की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके हितों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने बताया कि पदोन्नति और वेतनमान से जुड़े विभिन्न विषयों के अध्ययन के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

.....................

इस अवसर पर श्री शर्मा ने सचिवालय सेवा में सहायक शासन सचिव स्तर के 15 नए पद सृजित करने और पदोन्नति के लिए दो वर्ष की शिथिलता देने की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि सरकार ने ग्रेच्यूटी की सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दी है।

000

देश के कई राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जनगणना 2027 के पहले चरण की गणना का काम आज से शुरू हो गया है। यह अभिय 15 मई तक चलेगा। राजस्थान में इसकी शुरूआत आगामी एक मई से होगी। गृह मंत्रालय के अनुसार, जनगणना के लिए पहली बार डिजिटल टूल्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। हाउस लिस्टिंग चरण के दौरान, जनगणना कर्मी 33 प्रश्नों वाली एक निर्धारित प्रश्नावली के माध्यम से मकानों की स्थिति, परिवार से जुड़ी जानकारी, उपलब्ध सुविधाओं और संपत्तियों का विवरण एकत्रित करेंगे। इसके साथ ही पहली बार स्व–गणना की सुविधा शुरू की गई है। अब तक लगभग 12 लाख परिवारों ने सफलतापूर्वक अपनी जानकारी ऑनलाइन जमा की है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि भारतीय संस्कृति से जुड़कर ही सहकार के भाव को मजबूत किया जा सकता है। श्री बागडे आज जालोर में जालोर नागरिक सहकारी बैंक के नवनिर्मित प्रधान कार्यालय का लोकार्पण करने के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक छोटे उद्यमियों, किसानों और मजदूरों को वित्तीय सहायता देकर उनके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने राजस्थान में डेयरी क्षेत्र की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि सहकारिता के कारण ही प्रदेश दुग्ध उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने विश्वास जताया कि सहकारिता के माध्यम से ही वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प साकार होगा।

000

जयपुर में कल 'नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन' का आयोजन किया जाएगा। केन्द्र सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के 'माय भारत' अभियान के तहत यह दौड़ चांदपोल से बड़ी चौपड़ तक आयोजित होगी। महिला और बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार इस दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। जयपुर की पूर्व महापौर कुसुम यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला शक्ति का सम्मान करना और 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करना है। इस आयोजन में कॉमनवेल्थ खेलों की खिलाड़ियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाली महिलाएं हिस्सा लेंगी।

000

प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे होने लगे हैं। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क बना रहा। बाड़मेर 42 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। इसी तरह कोटा में अधिकतक तापमान 41 दशमलव 5, चित्तौड़गढ़ में 40 दशमलव 8, जैसलमेर और चूरू में 40 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, कल एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में मौसम का मिजाज बदल सकता है। इस दौरान मेघ गर्जन के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने और कहीं–कहीं हल्की बूंदाबांदी होने के आसार हैं।

000

अजमेर के न्यू सराधना स्थित गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल से आज मुंद्रा पोर्ट के लिए पहली एक्सपोर्ट कंटेनर रैक रवाना की गई। मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा ने इस रैक को रवाना किया। यह टर्मिनल किशनगढ़ और ब्यावर क्षेत्र के मार्बल, ग्रेनाइट तथा खनिज उद्योगों को सीधे रेल संपर्क की सुविधा देगा।वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जुड़ा होने के कारण यहाँ से बंदरगाहों तक माल पहुँचाना अब तेज और सस्ता होगा। श्री भूतड़ा ने बताया कि इस टर्मिनल का विकास रिकॉर्ड सात महीनों में किया गया है। इससे ब्यावर और राजसमंद के सीमेंट तथा पत्थर उद्योगों को विशेष लाभ मिलेगा। शुरुआती चरण में यहाँ से हर महीने दो से तीन रैंक संचालित करने की योजना है।

000